# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–25.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
2. लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला आज झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचेगे, जमशेदपुर में आयोजित सिंहभूम चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्लैटिनम जुबली समारोह में होंगे शामिल।
3. नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग शासी परिषद की 10वीं बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा–पूर्वोत्तर राज्यों को मिलने वाली विशेष सहायता झारखंड को भी मिले।
4. मौसम विभाग ने झारखंड में इस बार तीन से पांच जून के बीच कोल्हान और संताल के रास्ते मानसून पहुंचने की जताई संभावना।
5. झारखंड राज्य सीनियर वुशु प्रतियोगिता कल से रांची में, राज्य के 250 खिलाड़ी करेंगे इसमें शिरकत।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक वीडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआइआर न्यू ज वेबसाइट और न्यूगज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार और प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी यह सीधा प्रसारित होगा। आकाशवाणी से हिन्दील प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम का क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारण होगा।

****************

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला आज झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचेगे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया जाएगा। वहां से वे सीधे राजभवन जाएंगे। श्री बिड़ला आज जमशेदपुर में आयोजित सिंहभूम चौंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्लैटिनम जुबली समारोह में शामिल होंगे। शाम में रांची लौटने के बाद श्री बिड़ला विभिन्न संगठनों की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह में भी भाग लेंगे। वे आज रात्रि विश्राम राजभवन में करेंगे।

****************

नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग शासी परिषद की 10वीं बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों को मिलने वाली विशेष सहायता झारखंड को भी मिले। हेमंत सोरेन ने राज्य के विकास से जुड़े मुद्दों पर राज्य की मांग रखते हुए परिषद को सुझाव दिए। मुख्यमंत्री ने झारखंड के वन क्षेत्र को पूर्वोत्तर राज्यों के समकक्ष बताया। उन्होंने कहा कि वन कि अधिकता होने के कारण आधारभूत संरचना के लिए क्लियरेंस में देरी विकास में अवरोध पैदा करती है। इसका निवारण करते हुए पूर्वोत्तर राज्यों को मिलने वाली विशेष सहायता झारखंड को भी मिले।

****************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि पहलगाम की आतंकी घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो बिहार की धरती से संकल्प व्यक्त किया था, उसे पूरा किया है।

****************

झारखंड के हज यात्रियों को राज्य के मंत्री गण विदाई देकर भेज रहे है। मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा है कि राज्य के जितने भी हज यात्री हज के लिए जा रहे है उन्हें मंत्री जो रांची में है विदाई देने पहुंच रहे है।

****************

सूबे के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि श्रावणी मेला में सभी श्रद्धालुओं का इलाज मुफ्त होगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी तीर्थ यात्रियों की देखभाल भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि मेरी जवाबदेही बनती है कि

सभी श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य चिकित्सा बेहतर से बेहतर मिले। इसके लिए पूरा स्वास्थ्य विभाग तैयारी कर रहा है।

****************

खूंटी में कांग्रेस के वरीय पदाधिकारियों का जुटान हुआ और कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने के लिए जिला स्तर, मंडल स्तर, पंचायत स्तर और वार्ड स्तर पर अलग अलग बैठकें आयोजित की गई। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी की उपस्थिति में दो महत्वपूर्ण निर्णय पारित किए गए थे।

****************

लोगों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन की दिशा में जिला प्रशासन की ओर से लगाया जा रहा जनता दरबार काफी कारगर सिद्ध हो रहा है।

****************

दुमका के सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के 27 अंगीभूत और 14 संबद्ध कॉलेज में स्नातक सत्र 2025–29 में नामांकन के लिए जल्द ही प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। नामांकन के लिए विद्यार्थियों को चांसलर पोर्टल के जरिए आवेदन करना होगा। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो कुनूल कंदीर ने विश्वविद्यालय स्तरीय प्रवेश समिति का गठन कर दिया है। समिति के अध्यक्ष स्वयं कुलपति हैं।

****************

प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन झारखंड जन मुक्ति परिषद जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहरा और सब जोनल कमांडर प्रभात गंझू के पुलिस मुठेभेड़ में मारे जाने के बाद पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने कहा है कि एक बड़ा उग्रवादी मारा गया है। ये झारखंड पुलिस के लिए बड़ी सफलता है।

****************

दुमका के पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने गिरफ्तार कर जेल भेजे गए तीन साइबर अपराधियों के खिलाफ 60 दिनों के भीतर आरोप पत्र अदालत में दाखिल नहीं किए जाने के मामले में साइबर इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार को कर्तव्य में लापरवाही के आधार पर निलंबित कर दिया। इन तीनों साइबर अपराधियों को मार्च महीने में पुलिस ने मसलिया थाना क्षेत्र में गिरफ्तार किया था और जेल भेज दिया था। 60 दिनों तक उनके विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल नहीं होने से न्यायालय ने तीनों को जमानत रिहा कर दिया था।

****************

झारखंड में इस बार मानसून तीन से पांच जून के बीच पहुंचने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र ने इसके संकेत देते हुए कहा है कि इसका प्रवेश कोल्हान और संताल के रास्ते हो सकता है। सब कुछ अनुकूल रहा तो 15 जून तक यह पूरे राज्य को कवर कर लेगा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 30 मई तक झारखंड के अलग अलग हिस्सो में बारिश हो सकती है। कही कही गर्जन के साथ वज्रपात भी हो सकता है। इस दौरान कुछ जगहों पर हवा की गति 30 से 40 किमी प्रति घंटे हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार हवा व बारिश के कारण फिलहाल अधिकतम तापमान भी सामान्य से सात से आठ डिग्री सेल्सियस तक नीचे चल रहा है।

****************

झारखंड राज्य सीनियर वुशू प्रतियोगिता का आयोजन कल से  नामकुम स्थित आचार्यकूलम स्कूल में होगा। राज्य के लगभग 250 खिलाड़ी व तकनीकी अधिकारी इसमें शिरकत करेंगे। झारखंड वुशू एसोसिएशन के चेयरमैन चंचल भट्टाचार्य ने बताया कि इस प्रतियोगिता से राज्य टीम चुनी जाएगी जो सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलेगी जो जयपुर में 14 जून को शुरू होगी। कल प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्य के खेल निदेशक संदीप कुमार 11 बजे करेंगे।

****************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित होने वाले अधिकांश अखबारों ने नीति आयोग शासी परिषद की बैठक की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर लिखता है जेटेट में जिला स्तरीय 11 भाषाए तय , फिर से लिए जाएंगे आवेदन।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा व सब जोनल कमांडर ढेर।

हिंदुस्तान लिखता है शुभमान गिल के हाथ टेस्ट क्रिकेट टीम की कमान।

दैनिक जागरण की सुर्खी है पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल के पुत्र समेत 18 की हत्या मामले में दो आरोपी बरी।

*********************